लाडली बहना लाभार्थियों को 450 रुपए में गैस सिलिंडर

चर्चा में क्यों?

मध्य प्रदेश सरकार ने **लाडली बहना योजना** के लाभार्थियों को समग्र वर्ष **450 रुपए** की सब्सिडी दर पर **गैस सिलिंडर** प्रदान किये जाने की घोषणा की।

मुख्य बिंदु

- **योजना की पृष्ठभूमि: लाडली बहना योजना की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की थी।**
- **लाभार्थी: यह सहायिकी महिला लाभार्थियों, विशेष रूप से** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) **के तहत लाभार्थियों के लिये है।**
- **रक्षाबंधन के त्योहार पर लाभार्थियों को 250 रुपए प्रदान किये जाएंगे।**
- **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा राज्यसभा को दिये गए लिखित जवाब के अनुसार केंद्र सरकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) के लाभार्थियों को प्रतिवर्ष 12 रिफिल तक 14.2 किलोग्राम LPG सिलिंडर पर 200 रुपए की लक्षित सब्सिडी प्रदान कर रही है।**
- **इसके अतिरिक्त केंद्र ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) के सभी लाभार्थियों के लिये लक्षित सब्सिडी को बढ़ाकर 300 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम LPG सिलिंडर कर दिया है।**

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) क्या है?

- **परिचय:**
  - **खाना पकाने के लिये लकड़ी, कोयला, गोबर के उपले आदि ईंधनों का उपयोग करने वाले ग्रामीण और वंचित परिवारों को LPG जैसे स्वच्छ इंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस मंत्रालय (MOPNG) ने एक प्रमुख योजना के रूप में 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' (PMUY) की शुरुआत की।**
  - **खाना पकाने के पारंपरिक ईंधन के उपयोग का ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण पर भी हानिकारक प्रभाव पड़ता है।**
- **उद्देश्य**
  - **महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना।**
  - **भारत में खाना पकाने के लिये उपयोग की जाने वाले अशुद्ध ईंधन के कारण होने वाली मौतों की संख्या में कमी लाना।**
  - **जीवाश्म ईंधन जलाने से घर के अंदर वायु प्रदूषण के कारण होने वाली गंभीर श्वसन बीमारियों से छोटे बच्चों को बचाना।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rs-450-gas-cylinders-to-ladli-behna-beneficiaries